जबलपुर | बुधवार | 17 सितम्बर 2025 | वर्ष 76 | अंक 224 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण

5 देश के राज्यों में बारिश का रौद्र रूप

6 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व पूरे विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत

7 स्टोर पर दवाइयों की नयी मूल्य सूची रखना जरूरी

8 वनडे रैंकिंग में फिर स्मृति मंधाना आईसीसी नंबर वन

## एक नजर में

### युवराज सिंह, सोनू सूद से ईडी करेगी पूछताछ

**नई दिल्ली.** बेटिंग ऐप मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. ईडी ने कथित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा के साथ-साथ एक्टर सोनू सूद को तलब किया है. इन तीनों से ही पूछताछ होगी. अधिकारियों ने कहा कि रॉबिन उथप्पा, युवराज सिंह और सोनू सूद को वीएंडबेट नामक प्लेटफॉर्म से जुड़े एक मामले में अगले सप्ताह अलग-अलग दिन पेश होने और मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अपने बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है.

### 5 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**आगर-मालवा.** मध्यप्रदेश के आगर-मालवा कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बीती रात दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. मुखबिर की सूचना पर मालीखेड़ी रोड स्थित नाग महाराज मंदिर के पास दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा गया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अल्फेज उर्फ याटा (20) और आमिर उर्फ चुचु (32), दोनों निवासी आगरमालवा के रूप में हुई है. इनके पास से 40 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए आंकी गई है.

### असम की अफसर के घर मिले 2 करोड़ के जेवर

**गुवाहाटी.** असम सिविल सेवा की अधिकारी नूपुर बोरा को आय से ज्यादा संपत्ति रखने के आरोप में हिरासत में लिया गया. स्पेशल विजिलेंस टीम ने नूपुर के गुवाहाटी वाले घर पर छापा मारा. जहां से 92 लाख नकद और लगभग 2 करोड़ के जेवर बरामद किए गए. एक दूसरी टीम ने बारपेटा में उनके किराए के घर पर भी छापा मारा, जहां से करीब 10 लाख नकद बरामद हुए. विजिलेंस ने नूपुर के सहयोगी लाट मंडल सुरजीत डेका के घर भी छापा मारा. नूपुर पर आरोप हैं कि उन्होंने बारपेटा रेवेन्यू सर्किल में रहते हुए पैसे के बदले हिंदुओं की जमीन संदिग्ध व्यक्तियों के नाम की थी.

### मदर डेयरी ने 2 रुपये प्रति लीटर घटाए दूध के दाम

**नई दिल्ली.** उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए मदर डेयरी ने दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की है. नए दाम 22 सितंबर से लागू होंगे. कंपनी का यह कदम हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर दरों में किए गए संशोधन के बाद उठाया गया है, जिसके तहत कई जरूरी खाद्य पदार्थों को कर मुक्त कर दिया गया है या उन्हें कम कर स्लैब में रखा गया है. मदर डेयरी ने बताया कि दूध के अलावा अन्य डेयरी उत्पाद जैसे पनीर, मक्खन, चीज और आइसक्रीम की कीमतें भी नए जीएसटी ढांचे के अनुरूप घटाई जाएंगी.

## गुस्ताखी माफ

# एसीपी समेत 8 कर्मचारी निलंबित

## मृतकों को चार-चार लाख तथा घायलों को पचास पचास हजार की सहायता दी

- डीसीपी अरविन्द तिवारी पीएचक्यू अटैच
- आरटीओ के दो बाबू को किया निलंबित
- मैकेनिकल स्टाफ पर भी आई आंच
- घायलों से मिले सीएम, जिम्मेदारों पर गिरी गाज
- हाई कोर्ट ने लिया स्वसंज्ञान

**मुख्यमंत्री ने लिए कड़े फैसले**

एयरपोर्ट रोड हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़े फैसले लिए. लापरवाही उजागर होने पर यातायात डीसीपी अरविंद तिवारी को हटाया गया., वहीं एसीपी सुरेश सिंह, एएसआई प्रेम सिंह, सूबेदार चंद्रेश मरावी और निरीक्षक दीपक यादव सहित ड्यूटी पर मौजूद चारों कांस्टेबल निलंबित कर दिए.

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 16 सितम्बर. एयरपोर्ट रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे के संदर्भ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर पहुंचे. उन्होंने विभिन्न अस्पतालों में भर्ती घायलों से मुलाकात की और डॉक्टरों से उनके इलाज की जानकारी ली. मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ितों के इलाज में किसी भी तरह की कमी नहीं रहने दी जाएगी. उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता और घायलों को पचास-पचास हजार रुपए की मदद देने की घोषणा की. उन्होंने जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की.**

मुख्यमंत्री ने हादसे की जांच के बाद जिम्मेदारों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए. प्रारंभिक जांच में सामने आई बड़ी लापरवाहियों को देखते हुए परिवहन विभाग के दो निरीक्षक और कार्यालय के एक बाबू को निलंबित करने के आदेश दिए हैं. तकनीकी जांच में कोताही बरतने वाले दो मैकेनिकल स्टाफ पर भी गाज गिरी है. इसके अलावा यातायात व्यवस्था की निगरानी में चूक सामने आने पर यातायात डीसीपी को हटाने का आदेश जारी किया है. पुलिस ने ट्रक मालिक और परिवहन कंपनी के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया है.

इस दौरान सीएम ने स्पष्ट कहा कि दोषी चाहे किसी भी स्तर पर हो, कार्रवाई से नहीं बच पाएगा. कलेक्टर शिवम वर्मा और पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे की परिस्थितियों की समीक्षा की और बचाव-राहत व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए.

**मदद करने वालों को पुरस्कार**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समय रहते मदद करने वाले कांस्टेबल पंकज यादव, अनिल कोठारी और एक ऑटो चालक को पुरस्कृत करने का ऐलान किया. उन्होंने एसीएस होम को घटना की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए हैं.

**इंदौर की घटना पर हाईकोर्ट ने स्वत : संज्ञान लिया**

**जबलपुर.** इंदौर में तेज रफ्तार ट्रक करीब एक किलोमीटर तक कई लोगों और वाहनों को कुचला, टक्कर मार दी. शहर के एयरपोर्ट रोड पर हुए इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं इलाज के दौरान एक और युवक ने दम तोड़ दिया.इस घटना में घायल हुए 12 लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने स्वत : संज्ञान लिया है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की बेंच ने इंदौर पुलिस कमिश्नर को तलब किया है. हाईकोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई में इंदौर पुलिस कमिश्नर वर्चुअली हाजिर हों और यह बताएं कि शहर में नो-एंट्री रहते हुए ट्रक कैसे घुस गया. हाईकोर्ट ने मामले पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. 23 सितंबर को अगली सुनवाई होगी.




हमारे प्रधानमंत्री को सुखद और स्वस्थ 75वें जन्मदिन की शुभकामनाएँ!

# देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास आज

**23146 करोड़ का निवेश होगा पार्क में | 03 लाख को मिलेगा रोजगार**

- प्रधानमंत्री मोदी आज धार जिले में

**धार, 16 सितम्बर . प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को मध्य प्रदेश के धार जिले के बदनावर के ग्राम भैंसोला आएंगे. प्रधानमंत्री मोदी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान और आदि सेवा पर्व, का शुभारंभ करेंगे. साथ ही देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास करेंगे. इस अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे.**

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शिलान्यास किये जा रहे पीएम मित्र पार्क का सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के कपास उत्पादकों को मिलेगा. लगभग 2158 एकड़ में विकसित होने वाला पीएम मित्र पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है. यहां 20 एमएलडी का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, 10 एमव्हीए का सौर ऊर्जा संयंत्र, पानी और बिजली की पुख्ता आपूर्ति, आधुनिक सड़कें और 81 प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं.

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शिलान्यास किये जा रहे पीएम मित्र पार्क का सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के कपास उत्पादकों को मिलेगा. लगभग 2158 एकड़ में विकसित होने वाला पीएम मित्र पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है.

पीएम मित्र पार्क में देश की अग्रणी टैक्सटाइल कंपनियों ने भरोसा जताते हुए अब तक 23 हजार 146 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव दिये हैं. पीएम मित्र पार्क से लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे. इसमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल होंगे.

# धर्मांतरण विरोधी कानून वाली राज्य सरकारों को नोटिस

## सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दाखिल करने चार हफ्ते का दिया समय

**नई दिल्ली 16 सितम्बर, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धर्मांतरण विरोधी कानून बनाने वाले राज्यों को इसकी संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा.**

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा और अन्य राज्य सरकारों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया.

सुनवाई के दौरान, सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस के वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने पीठ से मामले की तत्काल सुनवाई करने का आग्रह किया. याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने दलील दी कि मध्य प्रदेश में स्थानीय सांसद अधिनियम की धारा 10 पर अंतरिम रोक है और वह चाहती हैं कि यह आदेश तब तक जारी रहे जब तक सर्वोच्च न्यायालय मामले की सुनवाई नहीं कर लेता.

सिंह ने कहा कि गुजरात कानून के एक प्रावधान और मध्य प्रदेश कानून के एक प्रावधान पर रोक लगा दी गई है और उन याचिकाओं को यहां स्थानांतरित कर दिया है, इसलिए रोक जारी है और रोक उन कानूनों तक ही सीमित है. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2024 के अधिनियम को चुनौती देने के लिए एक हस्तक्षेप आवेदन दायर किया है.

### मेडिकल के छात्र की पशु तस्करों ने की निर्मम हत्या

**गोरखपुर.** पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगलधूसड़ गांव में सोमवार की आधी रात उस वक्त सनसनी फैल गई जब पशु चोरी करने आए तस्करों ने 19 वर्षीय नीट छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी. छात्र की पहचान दीपक गुप्ता के रूप में हुई है, जो नीट की तैयारी कर रहा था. गांव वालों ने दावा किया है कि रात करीब 12.30 बजे तीन गाड़ियों से पशु तस्कर गांव पहुंचे. वे मवेशियों को खूंटे से खोल रहे थे, तभी ग्रामीणों ने शोर मचा दिया.

# मसूद अजहर के खानदान का खात्मा

## ऑपरेशन सिंदूर में टॉप जैश कमांडर इलियास कश्मीरी का कबूलनामा

**इस्लामाबाद, 16 सितंबर. भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के अंदर उसकी आतंक की फसलों को तबाह किया और अब यह बात खुद पाकिस्तान के पाले आतंकी कबूल कर रहे हैं.**

भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के महीनों बाद, जैश-ए-मोहम्मद के एक कमांडर ने स्वीकार किया है कि बहावलपुर में हुए भारत के अटैक में मसूद अजहर का परिवार साफ हो गया, वो टुकड़ों में बंट गए. कश्मीरी उर्दू में कहते सुना जा सकता है, आतंकवाद को गले लगाते हुए, हमने इस देश की सीमाओं की रक्षा के लिए दिल्ली, काबुल और कंधार से लड़ाई लड़ी. सब कुछ बलिदान करने के बाद, बहावलपुर में 7 मई को मौलाना मसूद अज़हर के परिवार के लोग साफ हो गए, टुकड़ों में बंट गए. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक कायराना आतंकी हमले में 26 नागरिकों के मारे जाने के कुछ हफ्ते बाद, भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिन्दूर चलाया. इसमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के ठिकानों को निशाना बनाते हुए, पाकिस्तान और पीओकेके अंदर नौ आतंकवादी ठिकानों पर एक साथ हमले किए गए.

पाकिस्तान ने बाद में स्वीकार किया कि हमलों में नौ ठिकाने प्रभावित हुए, जिनमें बहावलपुर, कोटली और मुरीदके के स्थान शामिल हैं - जो चरमपंथी आतंकी गतिविधियों के सभी ज्ञात केंद्र हैं. पाकिस्तान के 12वें सबसे बड़े शहर बहावलपुर को भी निशाना बनाया गया.

# देहरादून में बादल फटने से 13 की मौत

**देहरादून, 16 सितंबर ( वार्ता ) उत्तराखंड के देहरादून जिले में पिछले 48 घंटों के दौरान बादल फटने और बारिश जनित घटनाओं के कारण विभिन्न स्थानों पर 13 लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए जबकि 16 लोग अब भी लापता हैं.**

सरकारी एवं निजी परिसंपत्तियों का भी भारी नुकसान हुआ है. देहरादून जनपद के सभी विकासखंडो में 13 पुल, 10 पुलिया, दो मकान, 31 दीवार, दो अमृत सरोवर, 12 खेत, 12 नहर, 21 सड़कें, सात पेयजल योजना आदि परिसंपत्तियों का भारी नुकसान हुआ है. जिला अधिकारी सविन बंसल ने मंगलवार शाम बताया कि सोमवार व मंगलवार को बादल फटने की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, फायर ब्रिगेड आदि राहत और बचाव दल प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच गए थे.उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद मालदेवता क्षेत्र में पहुंचे और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने बताया कि वह और एसएसपी ने भी ग्राउंड जीरो पर मालदेवता, सहस्त्रधारा, गुजराडा, कार्लीगाड आदि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर मौजूदा स्थिति और क्षति का स्थलीय निरीक्षण किया.

**16 लापता की तलाश जारी**

बंसल ने बताया कि इस दौरान, पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद पहुंचाने का भरोसा दिलाया है. लोनिवि एवं पीएमजीएसवाई को पर्याप्त संख्या में मैन पावर और मशीनरी लगाते हुए अवरुद्ध सड़क एवं संपर्क मार्गो को शीघ्र सुचारू करने के निर्देश दिए हैं. जिलाधिकारी बंसल ने बताया कि मजयाडा में तीन लोग मलबे में दबे होने और एक व्यक्ति लापता होने की जानकारी मिली है. यहां पर कुछ आवासीय भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक केंद्र, 13 दुकान, आठ होटल, तीन रेस्टोरेंट सहित सहस्रधारा-कार्लीगाड मोटर मार्ग भूस्खलन के कारण नौ से अधिक स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुआ है.

**नई पॉलिसी क्यों लाई** | हाईकोर्ट में सरकार ने स्पष्टीकरण देने मांगी मोहलत, अगली सुनवाई 25 को

# जब सर्वोच्च रोक है तो फिर कैसे दी जा रही पदोन्नति

**जबलपुर, 16 सितम्बर. मप्र हाईकोर्ट में प्रमोशन में आरक्षण मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई. हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि जब पुरानी पॉलिसी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है और मामला विचाराधीन है तो नई पॉलिसी क्यों लाई गई. चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने पूछा है कि यदि शीर्ष अदालत ने यथास्थिति बनाए रखने कहा है तो यहां नए नियम के तहत क्यों दिए जा रहे प्रमोशन.**

सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन याचिकाएं यदि स्वीकार की जाती है तो नए के तहत किए जाने वाले पदोन्नति पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यदि याचिकाएं निरस्त होती हैं तो नए नियम के तहत किए जाने वाली पदोन्नति पर क्या प्रभाव पड़ेगा.

दरअसल भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है. दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है. इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं. सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाममात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए.

वहीं मामले में अजॉक्स संघ सहित आरक्षित वर्ग की ओर से अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप याचिकाएं दाखिल की हैं. इनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ, रामेश्वर सिंह ठाकुर, आकाश चौधरी, विनायक प्रसाद शाह, वरुण ठाकुर ने सरकारी विभागों मे प्रतिनिधित्व के क्वांटिफाइबल डेटा प्रस्तुत किए. याचिकाओं में आरक्षण के विरोध वाले याचिकाकर्ताओं के प्रभावित होने वाले विधिक अधिकार पर प्रश्न उठाया. सभी मामलों पर अब एकसाथ सुनवाई होगी. मप्र शासन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन एवं महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से परिपत्र जारी कर वर्तमान स्थिति पर स्पष्टीकरण जारी करेंगे. जिस पर न्यायालयन ने कहा अब स्पष्टीकरण आने के बाद सुनवाई करेंगे. अगली सुनवाई 25 सितंबर को निर्धारित की गई है.

# सीधी में लेडी हेड कॉन्स्टेबल की पीट-पीटकर हत्या

- पति ने बेसबॉल बैट से किया हमला
- खाना नहीं बनाने पर हुआ था विवाद

**सीधी 16 सितम्बर, लेडी हेड कॉन्स्टेबल की पति ने बेसबॉल बैट से हमला कर पीट-पीटकर हत्या कर दी. पति ने विवाद के बाद हमला किया. दोनों के बीच खाना नहीं बनाने को लेकर विवाद हुआ था. पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी पति फरार हो गया.**

पुलिस उसकी तलाश कर रही है. दोनों पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था.

यह पूरी घटना सोमवार रात करीब 11 बजे की है. पुलिस का कहना है

कि हेड कॉन्स्टेबल सबिता साकेत और पति वीरेंद्र साकेत का लंबे समय से विवाद चल रहा था. सोमवार रात दोनों का झगड़ा हुआ था. इस दौरान वीरेंद्र ने सबिता पर हमला कर दिया. गंभीर चोट के चलते सबिता की मौके पर ही मौत हो गई.